भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5882

उत्तर देने की तारीख-30/03/2026

मणिपुर में पी.एम. श्री स्कूल

†5882. **डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मणिपुर राज्य में स्थापित पी.एम. श्री स्कूलों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) उक्त राज्य में पी.एम. श्री योजना के अंतर्गत इन स्कूलों के लिए कुल कितनी राशि स्वीकृत और जारी की गई है; और
(ग) क्या सरकार को मणिपुर में पी.एम. श्री स्कूलों के कार्यान्वयन में कोई शिकायत प्राप्त हुई है या किसी वित्तीय अनियमितता या निधि के दुरुपयोग का पता चला है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): पीएम श्री योजना के तहत, मणिपुर राज्य से दिनांक 25.03.2026 तक कुल 121 पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है, जिनमें से 21 प्राइमरी, 19 प्राथमिक, 56 माध्यमिक और 25 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हैं। पीएम श्री स्कूलों का विवरण पीएम श्री योजना की वेबसाइट लिंक https://pmshri.education.gov.in/state पर देखा जा सकता है।

(ख): पीएम श्री योजना को दिनांक 7 सितंबर, 2022 को अनुमोदित किया गया था तथा मणिपुर राज्य के लिए वित्त वर्ष 2023-24 में धनराशि जारी करना शुरू हुआ था। पीएम श्री योजना के तहत मणिपुर राज्य को आवंटित और जारी की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	**अनुमोदित पीएबी परिव्यय**	**अनुमोदित पीएबी परिव्यय का केंद्रीय हिस्सा**	**जारी किया गया कुल केंद्रीय हिस्सा**
2023-24	39.19	35.27	17.64
2024-25	92.1	82.89	37.83
2025-26	73.27	65.94	19.60 (दिनांक 25.03.2026 तक)

नोट- परिव्यय निधियों में प्रतिबद्ध देयता शामिल है।

(ग): मणिपुर में पीएम श्री स्कूलों के कार्यान्वयन में वित्तीय अनियमितताओं या निधियों के दुरुपयोग की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

*****